तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज श्वेता राठौड़ बनाम लो.सू.अ.(अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 07 / 2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.03.21	अपीलार्थी श्वेता राठौड़ एडवोकेट, पता वार्ड नं. 24, चूरू मार्फत राजेश तंतरवाल जीवनमाता मंदिर के पास, चूरू ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 01.12.2020 में उसके द्वारा (1) राज्य लोक सूचना एवं लोक सूचना अधिकारी का नाम पदनाम एवं पूर्ण पता (निवास व कार्यालय) फोन नम्बर सहित व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 259 दिनांक 11.02.2021 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि गोपनीय शाखा जिला कलक्टर जोधपुर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थीनी श्वेता राठौड़ को कार्यालय के पत्रांक 238 दिनांक 10.02.21 द्वारा बिन्दुवार सूचना प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	